FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत––जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

नरेश बनाम [illegible]लाल वगै0

किस्म मुकदमा– स्थानान्तरण प्रा0पत्र   नम्बर 85–सन्– 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29.04.2024	अधिवक्ता प्रार्थी अनुपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता ने बहस में दलील दी कि श्री संजय कुमार गोरा, पीठासीन अधिकारी उपखंड अधिकारी दौसा वर्तमान में उपखंड अधिकारी दौसा में कार्यरत नहीं है। पीठासीन अधिकारी दौसा के पद पर अन्य अधिकारी कार्यरत है। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र विचाराधीन रखे जाने का कोई औचत्य नहीं रह गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे। अधिवक्ता प्रार्थी के अनुपस्थित रहने से उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर राजकीय अधिवक्ता की एकतरफा दलील सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। श्री संजय कुमार गोरा पीठासीन अधिकारी दौसा के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रा0पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। स्थानान्तरण प्रा.पत्र विचाराधीन रखे जाने का अब कोई औचित्य नहीं रहा गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेशिका की प्रति उपखंड अधिकारी दौसा को पालनार्थ प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। खुले न्यायालय सुनाया गया। Devendra जिला कलक्टर दौसा Signature Not Verified Digitally signed by Devendra Kumar Date: 2024.05.14 11:00:35 IST Reason: SelfAttested	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official